बुखार के बाद उल्टी-दस्त के बढ़े मरीज, एक की मौत

चित्रकूट। जिला अस्पताल में बुखार, जुकाम के बाद अब उल्टी दस्त के मरीज भी पहुंचने लगे हैं। बुधवार को एक श्रद्धालु की तबीयत खराब होने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल ला रहे थे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी।

जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बुधवार को ११६३ मरीजों का ओपीडी में पंजीयन हुआ। इसमें बुखार पेटदर्द के साथ उल्टी दस्त के ४६८ मरीज रहे। बांदा जिले के बबेरु उमरहनी निवासी

ओपीडीमें ११६३में उल्टी-दस्त के पहुंचे ४६८ मरीज

धनराज सिंह ने बताया कि बुधवार को उनके चाचा वीरेंद्र सिंह (६०) चित्रकूट में दर्शन करने आए थे। इसी क्षेत्र में उनकी तबीयत खराब हो गयी। उन्हें शिवरामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही उनकी मौत हो गयी।

इसके अलावा जिले के विद्युत थाना प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा की डयूटी के दौरान कार्यालय के पास ही तबीयत खराब हो गयी। उल्टी दस्त होने पर स्टाफ ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

किसानों को मिले १० हजार रुपये प्रति एकड़ सम्मान निधि - टिकैत

चित्रकूट। भारी बारिश से खरीफ की फसलें बर्बाद होने और खेतों में जलभराव के कारण रबी की बोआई पर संकट के बीच बुंदेलखंड के किसानों के लिए विशेष आर्थिक सहायता की मांग उठी है। बुधवार को नवीन गल्ला मंडी में भारतीय किसान यूनियन की किसान महापंचायत में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश सिंह टिकैत ने बुंदेलखंड के किसानों को १० हजार रुपये प्रति एकड़ सम्मान निधि देने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि बारिश से किसानों की फसलें तबाह हो चुकी हैं और कर्ज का बोझ पहले से है। ऐसे में पूरे बुंदेलखंड को संकट से उबारने के लिए विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए।

कंधरपुर में ट्रेन के आगे कूदकर अधेड़ ने दी जान

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कंधरपुर में बुधवार सुबह दो अलग-अलग घटनाओं से सनसनी फैल गयी। एक ओर जहां पारिवारिक कलह से तंग आकर एक अधेड़ ने तेज रफ्तार ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी, वहीं उसी घटना का शव देखकर लौटी गांव की एक ७० वर्षीया वृद्धा ने घर पहुंचकर शराब में कीटनाशक मिलाकर पी लिया। गंभीर हालत में वृद्धा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह वाराणसी से लखनऊ की ओर जा रही सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस जब कंधरपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गुजर रही थी,

शव देख लौटी वृद्धा ने किया आत्महत्या का प्रयास

तभी सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ग्राम छुनछा निवासी ४५ वर्षीय यादवेंद्र यादव अचानक ट्रेन के सामने कूद गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही कटकर मौत हो गयी। बताया जाता है कि वह पारिवारिक विवाद से काफी परेशान चल रहे थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इसी बीच, रेलवे ट्रैक पर हुए इस दर्दनाक हादसे का शव देखकर लौटी कंधरपुर निवासी अशोक कुमार सरोज की ७० वर्षीया पत्नी प्रेमा देवी ने अप्रत्याशित कदम उठा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, वह काफी समय से शराब पीने की आदी थीं। घर वापस आने के बाद उन्होंने शराब की शीशी में कीटनाशक (सल्फास) मिलाया और एक ही सांस में गटक गईं। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उल्टियां होने लगीं। आनन-फानन में परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। एक ही सुबह रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या और उसके तुरंत बाद शव देखकर लौटी महिला द्वारा जहर खाने की इस दोहरी घटना से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है।

हर क्षेत्र में बढ़ रही है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता-डा. अनुश्री

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय तथा आईईईई स्टूडेंट ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में 'एआई एवं एमएल लर्निंग सीरीज' के अंतर्गत आनलाइन विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग की मूल बातें' रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. अनुश्री अग्रवाल ने विभिन्न संकायों के २०० से अधिक छात्र-छात्राओं को एआई, मशीन लर्निंग की बुनियादी अवधारणाओं और जेनरेटिव एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की जानकारी दी।

१३० छात्राओं को मिलेगा सिलाई प्रशिक्षण



चित्रकूट। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सरधुआ में प्रभारी प्रधानाचार्य एवं कौशल विकास मिशन के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षार्थी छात्राओं को अध्ययन सामग्री किताबों का वितरण किया गया। योजना के अंतर्गत विद्यालय की कक्षा ९ एवं ११ की १३० छात्राओं को अपैरल सिलाई सेक्टर में छह माह का नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाते हुए उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के लिए सक्षम करना है। ताकि वे भविष्य में सम्मानजनक आजीविका के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को बांटी पठन-पाठन सामग्री

चित्रकूट। सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत अमानपुर के मजरा बहादुरपुर में बाढ़ से प्रभावित हुए परिवारो के बीच कांग्रेस नेता पूर्व महासचिव कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह की ओर से चलाया जा रहा राहत अभियान लगातार जारी है। बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में बाढ़ से प्रभावित पीड़ित परिवारों के बच्चों को पठन पाठन की सामग्री बांटी गयी। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि आपदा के बाद प्रभावित परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों के साथ बच्चों की पढ़ाई जारी रखना भी बड़ी चुनौती है। ऐसे में बच्चों को शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराना राहत के साथ उनके भविष्य को संवारने की पहल है। बताया कि कांग्रेस नेता कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह इससे पहले भी बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच खाद्यान्न सामग्री का वितरण कर चुके हैं। अब बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए पठन पाठन सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। इस मौके पर विजयमणि त्रिपाठी, अजीत कुमार मिश्रा, अवनीश दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डीएम ने जिला पुस्तकालय के निरीक्षण में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

चित्रकूट। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और

सफाई व्यवस्था खराब मिलने पर कर्मचारी का पांच दिन का वेतन काटने के निर्देश, लाइब्रेरियन को नोटिस

प्रस्तावित नवीन आधुनिक पुस्तकालय के निर्माण की तैयारियों का जायजा लिया। नीति आयोग योजना के तहत करीब सात करोड़ रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा आधुनिक पुस्तकालय का निर्माण प्रस्तावित है। डीएम ने मौके पर ले-आउट प्लान, ड्राइंग और डिजाइन का अवलोकन करते हुए आर्किटेक्ट से भवन निर्माण की जानकारी ली। प्रस्तावित भवन में भूतल, प्रथम और द्वितीय तल पर कोचिंग, पुस्तकालय, कार्यालय और मल्टीपरपज हाल की व्यवस्था होगी। उन्होंने पुस्तकालय की क्षमता ४५० सीट रखने के साथ लाइब्रेरियन के लिए अलग कक्ष, बड़ा मल्टीपरपज हाल, बच्चों के लिए किड्स फ्रेंडली प्ले रूम और पर्याप्त टेबल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्रत्येक टेबल पर चार्जिंग प्वाइंट लगाने को भी कहा। कोचिंग कक्ष में यूपीएसएसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री सरल भाषा में उपलब्ध कराने तथा नियमित माक टेस्ट कराने के निर्देश दिये। डीएम ने विद्यार्थियों से उनकी समस्याएं भी जानीं। छात्रों ने बिजली, शौचालय, पेयजल और सफाई से जुड़ी समस्याएं बताईं। इस पर उन्होंने पर्याप्त डस्टबिन रखने और मूलभूत सुविधाएं बेहतर करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर डीएम ने सफाई कर्मचारी वीरेंद्र का पांच दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक को लाइब्रेरियन डा. प्रदीप शुक्ल का इस माह का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा पुस्तकालय का नियमित निरीक्षण नहीं करने पर जिला विद्यालय निरीक्षक को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय अवधि में कर्मचारियों द्वारा गुटखा आदि का सेवन न करने और सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को समय से उपस्थित होकर जिम्मेदारियों का गुणवत्ता के साथ निर्वहन करने को कहा।

जंगल में महिला के साथ सामूहिक दुराचार

चित्रकूट। मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ उसके ही गांव के तीन युवकों ने जंगल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर गांव के छैला, छोटटन और पुरुषोत्तम के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने महिला का मेडीकल परीक्षण कराया। इसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। बताया गया कि यह महिला अपने एक गांव के रिश्तेदार के साथ ही लिव इन रिलेशन में पत्नी के रुप में दूसरे स्थान पर रहती थी। वह व्यक्ति भी शादीशुदा था। उसकी पत्नी को इसकी जानकारी हुई तो वह इसके घर पहुंची तो महिला वहां से भाग कर छैला के घर पहुंच गयी। वहीं पर छैला एवं दो अन्य साथी ने पहले शराब पी और फिर योजना बनाकर महिला को साथ में ले जाकर दुष्कर्म किया। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित छैला को पकड़ लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है।

रामलीला में सुबाहु-मारीच वध का हुआ मंचन

चित्रकूट। मुख्यालय के तरौंहा में चल रहे १३ दिवसीय रामलीला महोत्सव में मंगलवार रात सुबाहु-मारीच वध और अहिल्या उद्धार के मार्मिक प्रसंगों का मंचन हुआ। कथा के अनुसार विश्वामित्र के यज्ञ में विघ्न डाल रहे सुबाहु का राम ने वध किया और मारीच को बिना फल वाले बाण से सौ योजन दूर फेंक दिया। इसके बाद गौतम ऋषि के शाप से पत्थर बनी अहिल्या का राम के चरण स्पर्श से उद्धार हुआ। जैसे ही अहिल्या ने श्रीराम को निहारा, पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। मुख्य भूमिका में राम-करन तिवारी, लक्ष्मण-मनीष तिवारी ने जीवंत अभिनय किया। व्यास श्रवण एवं विनोद द्विवेदी रहे, तबले पर बलराम बाबा और आर्गन पर पंकज राजावत ने संगत दी।

नेशनल हाईवे के गड्ढे ने ली बाइक सवार युवती की जान

जौनपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग-७३१ पर बने जानलेवा गड्ढों ने एक और जिंदगी लील ली। बदलापुर खुर्द गांव निवासी २८ वर्षीया संजू प्रजापति की बाइक से गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

संजू प्रजापति बुधवार को बाइक पर सवार होकर दवा लेने के लिए बदलापुर से जौनपुर शहर की ओर जा रही थीं।

जैसे ही बाइक एनएच-७३१ पर पहुंची, सड़क पर बने गहरे गड्ढे के कारण अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। हादसे में संजू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के राहगीरों एवं ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल नौपेड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे की खबर मिलते ही मृतका के परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। संजू के दो छोटे-छोटे मासूम बच्चों के सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया। स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानलेवा बने गड्ढों की समय पर मरम्मत न कराए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया है।

पाक्सो एक्ट के प्रचार-प्रसार को बीईओ बनाये गये नोडल अधिकारी

चित्रकूट। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में जिला मजिस्ट्रेट के पत्र के आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी एवं नोडल अधिकारी अतुलदत्त तिवारी बीईओ कर्वी, राजेश कुमार बीईओ पहाडी, कृष्णदत्त पाण्डेय बीईओ मऊ, मिथलेश कुमार बीईओ मानिकपुर, नागेश्वर प्रसाद सिंह बीईओ रामनगर मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला के आदेश के अनुक्रम में पाक्सो एक्ट २०१२ के प्रावधानों और उसके कानूनी परिणामों के सम्बन्ध में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा ने प्रशिक्षण प्रदान किया। निर्देश दिया गया कि जनपद के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पाक्सो अधिनियम के सम्बन्ध में विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जाये।

विद्यार्थी आधुनिक तकनीकी सीखने की प्रवृत्ति विकसित करें-प्रो. आर.के. सिंह

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग में कुलपति प्रो. आर. के. सिंह के निर्देश पर 'साफ्टवेयर इंजीनियरिंग' विषय पर विशेष शैक्षणिक प्रस्तुतीकरण (सेमिनार) का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी



सेमिनार में शामिल विद्यार्थी।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग में साफ्टवेयर इंजीनियरिंग पर विशेष प्रेजेंटेशन

दक्षता, व्यावहारिक समझ, तार्किक चिंतन और प्रेजेंटेशन कौशल का विकास करना रहा। सत्र के दौरान बीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा हर्षिता गुप्ता ने 'फ्लो आफ वेब डेवलपमेंट' विषय पर प्रभावी प्रस्तुति दी। उन्होंने वेबसाइट की परिकल्पना से लेकर उसकी डिजाइनिंग, टेस्टिंग और लाइव होने के विभिन्न चरणों को विस्तार से समझाया। वहीं बीसीए के छात्र विशाल कुमार यादव ने 'फुल स्टैक डेवलपमेंट' पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए फ्रंटएंड, बैकएंड, डेटाबेस प्रबंधन और सर्वर-साइड तकनीकों के आपसी समन्वय को स्पष्ट किया।कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि छात्र नवीनतम तकनीकों को सीखने की निरंतर प्रवृत्ति बनाए रखें। उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर कार्य करें, ताकि उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। इस दौरान बीसीए समन्वयक डा. मिथिलेश कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य प्रियंका जायसवाल, आदित्य कुमार एवं अवधेश कुमार यादव उपस्थित रहे।

साइबर अपराध से बचाव के प्रति आमजन को किया जागरूक

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपदवासियों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा प्रत्येक बुधवार को लगातार व्यापक स्तर पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल विजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थानों की साइबर टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान महिलाओं, बालिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार, उनसे बचाव के उपाय तथा साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में तत्काल की जाने वाली काररवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं आमजन द्वारा साइबर अपराध से संबंधित पूछे गये प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आमजन को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी विभिन्न प्रकार के प्रलोभन, फर्जी काल, मैसेज, लिंक, सोशल मीडिया अकाउंट एवं मोबाइल एप के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति पर विश्वास न करें तथा आनलाइन लेनदेन करते समय विशेष सावधानी बरतें। यदि किसी व्यक्ति के साथ आनलाइन बैंकिंग फ्राड, साइबर ठगी या किसी अन्य प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है तो घबराएं नहीं और तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर १९३० पर काल करें।

१०४ नहरों की होगी सिल्ट सफाई, डीएम ने की समीक्षा

चित्रकूट। सिंचाई विभाग द्वारा संचालित नहरों की वर्ष २०२६-२७ में फसली १४३४ रबी पूर्व प्रस्तावित सिल्ट सफाई कार्यक्रम के अनुमोदन के लिए डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिले में सिंचाई विभाग के नोडल अधिशासी अभियन्ता शशिकांत प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल १४१ नहरें हैं। जिनकी कुल लम्बाई ६२८.८८६ किमी है। जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में १०४ नहरों की कुल ४९८.१५४ किमी लम्बाई में सिल्ट सफाई कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य आगामी १५ अक्टूबर से १५ नवम्बर की अवधि के मध्य कराया जाना प्रस्तावित है। डीएम ने निर्देश दिये कि सिल्ट सफाई कार्य के पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य के पश्चात नामित नोडल अधिकारियों से स्थलीय सत्यापन अवश्य कराया जाए। डीएम ने विशेष रूप से आदेशित किया कि सिल्ट सफाई के दौरान नहर से निकली सिल्ट को सर्विस रोड की तरफ बिल्कुल न डाला जाए तथा समस्त सिल्ट सफाई का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाये।

दो ने निगला जहरीला पदार्थ, भर्ती

चित्रकूट। अज्ञात कारण के चलते बांदा जिले के बदौसा निवासी गुडिया देवी (२६) ने बुधवार की सुबह जहरीला पदार्थ निगला लिया। इसके अलावा सरधुवा गांव के ओम नारायण (१४) ने घर में रखी कई दवाएं एक साथ खा लिया। इससे उसकी तबीयत खराब हो गयी। दोनों की हालत खराब होने पर स्वजन ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सर्पदंश से भर्ती

चित्रकूट। रैपुरा थाना क्षेत्र के कौबरा गांव निवासी सुनीता देवी (३८) को सर्प ने डस लिया। परिजनों ने उसे आनन फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

'संभव अभियान' में लापरवाही पर मुंगराबादशाहपुर सीडीपीओ को कारण बताओ नोटिस

सीडीओ ध्रुव खाड़िया ने पोषण समिति की बैठक में लगायी फटकार; कुपोषित बच्चों के गृह भ्रमण के निर्देश

जौनपुर। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति एवं जिला कन्वर्जेंस कमेटी की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जुलाई से सितंबर माह तक संचालित 'संभव अभियान-६.०' की प्रगति की गहन समीक्षा की गयी। मुंगराबादशाहपुर ब्लाक में संभव अभियान की प्रगति बेहद असंतोषजनक पाए जाने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जतायी और जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) को संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सीडीओ ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने तथा पुराने केंद्रों को 'आपरेशन कायाकल्प' के तहत दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सैम (अति कुपोषित) बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सीडीपीओ और बीडीओ नियमित गृह भ्रमण करें। साथ ही ई-कवच पोर्टल और पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीडीओ, नोडल अधिकारी एनआरसी, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, बीएसए सहित सभी खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

दुर्गा पूजा की तैयारियां समय से पूर्ण करें, सुरक्षा से समझौता नहीं-डीएम

जौनपुर। आगामी शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में समन्वय बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारियों ने बिजली, सड़क, पेयजल, सफाई और विसर्जन घाटों की व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि विसर्जन मार्गों पर लटकते हुए बिजली के तारों को तत्काल कसवाया जाए तथा सभी संबंधित सड़कों को मोटरेबल (गड्ढामुक्त) बनाया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को पूजा स्थलों पर पर्याप्त संख्या में मोबाइल टायलेट, वाटर टैंकर और नियमित चूना-कीटनाशक छिड़काव सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने विशेष रूप से ताकीद की कि पूजा पंडालों में अग्निशमन (फायर सेफ्टी) और विद्युत सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए।

प्रधानाध्यापकों की नेतृत्व क्षमता से सुधरेगा बच्चों का अधिगम स्तर

चित्रकूट। सक्षम माड्यूल आधारित हेड मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) शिवरामपुर में हुआ। करीब दो माह तक सात चरणों में चले प्रशिक्षण में जिले के प्राथमिक विद्यालयों के ८१७ प्रधानाध्यापकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रधानाध्यापकों को केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें प्रभावी, दूरदर्शी और सक्षम शैक्षिक नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित करना रहा, ताकि विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता बेहतर हो और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव तैयार हो सके। मास्टर ट्रेनरों की टीम ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया। समापन अवसर पर डायट प्राचार्य बीके शर्मा ने कहा कि प्रधानाध्यापक विद्यालय की धुरी होता है। उसकी सकारात्मक सोच, दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व बच्चों के भविष्य को मजबूत आधार देता है। उन्होंने प्रशिक्षण में सीखी प्रबंधन क्षमता, मेंटल वेलनेस और अन्य तकनीकों को विद्यालय के दैनिक कार्यों में लागू करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार और स्थानीय समुदाय को विद्यालय से जोड़ने के लिए शिक्षकों को पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कार्य करना चाहिए। समापन समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। इस दौरान राजेश उपाध्याय, सौरभचंद सक्सेना, गोरेलाल, राबिया खातून, शिव प्रसाद, सिकंदर यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ वामपंथी दलों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



जौनपुर। मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया और कथित मनमाने तरीके से मतदाताओं के नाम काटे जाने के विरोध में वामपंथी दलों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अपनी स्वायत्तता और विश्वसनीयता खो चुका है। एसआईआर प्रक्रिया के बहाने देश के करोड़ों वैध नागरिकों को मताधिकार से वंचित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

प्रस्तुत ज्ञापन में मांग की गयी कि मुख्य चुनाव आयुक्त तत्काल त्यागपत्र दें, एसआईआर प्रक्रिया पर रोक लगायी जाए, गलत तरीके से मतदाता सूची से बाहर किए गए नागरिकों के नाम पुन: जोड़े जाएं और संवैधानिक व्यवस्थाओं की मर्यादा बहाल की जाए। धरने को कल्पनाथ गुप्ता, सालिक राम पटेल, राजदेव पटेल, किरण शंकर रघुवंशी, श्रीपति सिंह, भूलन बौद्ध, अशोक पांडेय आदि ने संबोधित किया।

अध्यक्षता सालिक राम पटेल, श्रीपति सिंह एवं राजदेव पटेल के अध्यक्ष मंडल ने की तथा संचालन जय प्रकाश सिंह ने किया।

पत्रकार हत्याकांड: विवेचक एवं शासकीय अधिवक्ता की भूमिका पर गंभीर आरोप

जौनपुर। जिले के चर्चित पत्रकार अमिताभ नारायण मिश्रा हत्याकांड के मुकदमे की पैरवी और विवेचना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। मृतक पत्रकार की पत्नी रूबी मिश्रा ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर जिला शासकीय अधिवक्ताओं तथा तत्कालीन विवेचक राजाराम द्विवेदी पर आरोपितों को अनुचित लाभ पहुंचाने और केस कमजोर करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। रूबी मिश्रा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि हत्याकांड के मुख्य आरोपितों को लाभ पहुंचाने के लिए लगभग १० लाख रुपये के कथित अनुचित लेन-देन का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त उनके जेठ द्वारा करीब २७ लाख रुपये की जमीन अपनी पत्नी के नाम बैनामा कराने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने दावा किया कि न्यायालय में बयान दर्ज कराने के दौरान धोखे से उनसे सादे कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए गए, जिस पर बाद में गवाही न देने संबंधी मजमून लिख दिया गया। न्यायालय के समक्ष जब उन्होंने वास्तविक तथ्य रखे, तब जाकर कोर्ट ने बयान दर्ज करने का आदेश दिया। पीड़िता ने क्राइम ब्रांच गाजीपुर से हुई पुनर्विवेचना से जुड़े तथ्यों को दबाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि न्यायालय की आपत्तियों के बावजूद तत्कालीन विवेचक राजाराम द्विवेदी (जो वर्तमान में पुलिस अधीक्षक जौनपुर के पीआरओ पद पर तैनात हैं) के विरुद्ध कोई विभागीय काररवाई नहीं हुई। पीड़िता ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की गुहार लगायी है।

प्रयागराज खेल

१२ टीमें, चार ग्रुप और खिताबी जंगके लिए मंच तैयार

नीलम करवरिया कपका बिगुल फूंका

जिले के प्रतिष्ठित नीलम करवरिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का रोमांच शुरू होने को है। आयोजकों ने बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के ग्रुप्स का आधिकारिक ऐलान कर दिया है, जिसके साथ ही १२ विधानसभा टीमों के बीच खिताबी भिड़ंत की रूपरेखा तय हो गई है। आयोजन सचिव सक्षम करवरिया ने बताया कि १० से १७ अक्तूबर तक केपी कालेज मैदान की २२ गज की पट्टी पर चौके-छक्कों की जंग देखने को मिलेगी। टूर्नामेंट में कुल १२ टीमें ताल ठोकेंगी, जिन्हें तीन-तीन के संतुलन के साथ चार अलग-अलग ग्रुपों में बांटा गया है। **ग्रुप ए (डिफेंडिंग चैंपियन का इम्तिहान):** गत विजेता शहर उत्तरी विधानसभा की टीम अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। इस ग्रुप में उसे चुनौती देने के लिए फूलपुर और कोरांव की टीमें कमर कस चुकी हैं। **ग्रुप बी (स्थानीय प्रतिद्वंद्विता):** इस ग्रुप में रोमांच चरम पर रहने की उम्मीद है, जहां शहर पश्चिमी विधानसभा, शहर दक्षिणी और पिछली उपविजेता सोरांव विधानसभा की टीमें आमने-सामने होंगी। **ग्रुप सी (कड़ा मुकाबला):** प्रतापपुर, मेजा और करछना विधानसभा की टीमें सेमीफाइनल का टिकट कटाने के लिए एक-दूसरे से दो-दो हाथ करेंगी।**ग्रुप डी (अंतिम घमासान):** चौथे और अंतिम ग्रुप में फाफामऊ, बारा और हंडिया विधानसभा की टीमों के बीच सेमीफाइनल की रेस देखने को मिलेगी।?१० अक्टूबर से शुरू हो रहे इस ८ दिवसीय क्रिकेट महाकुंभ के लिए टीमें मैदान पर पसीना बहाने में जुट गई हैं। पिच और परिस्थितियों को देखते हुए मुकाबला बेहद कांटे का रहने की उम्मीद है।

विद्यालयीय अंडर-१७ क्रिकेट ट्रायलमें ४८ खिलाड़ियोंने किया प्रतिभाग



जनपद स्तरीय विद्यालयीय अंडर-१७ बालक क्रिकेट ट्रायल बुधवार को मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज के मैदान पर आयोजित किया गया। चयन प्रक्रिया में जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे ४८ होनहार क्रिकेटरों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में दमखम दिखाते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया।

ट्रायल से पूर्व यादगारे हुसैनी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद रजा हुसैन एवं मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज के प्रधानाचार्य एबादुर रहमान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

यादगारे हुसैनी इंटर कालेज के क्रीड़ाध्यक्ष एवं ट्रायल संयोजक सैयद मोहम्मद अब्बास ने बताया कि जनपद स्तरीय चयन प्रक्रिया में कुल ४८ क्रिकेटरों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन हसबीन अहमद एवं गालिब अंसारी ने चयनकर्ता के रूप में किया। कार्यक्रम का संचालन अकील अब्बास रिजवी ने किया। इस अवसर पर क्रिकेट कोच जुल नूरैन, अरुण कुमार, अख्तर अब्बास, एहसान अब्बास, मोहम्मद आरिफ एवं शाहबाज अली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज में क्रीड़ाध्यक्ष के रूप में तीन दशक से अधिक समय तक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए अकील अब्बास रिजवी का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। खेल और खिलाड़ियों के विकास में उनके लंबे योगदान को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने उन्हें सम्मानित किया। उनके कार्यकाल को विद्यालयीय क्रिकेट और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया।

तीन दिवसीय एथलेटिक्स, हैंडबालका ट्रायल्स आजसे

जिला एवं मण्डल स्तरीय समन्वय सीनियर पुरूष एथलेटिक्स, सबजूनियर बालिका हैण्डबाल एवं सीनियर पुरुष हैण्डबाल चयन-ट्रायल्स सात एवं आठ अक्तूबर तक इटावा में समन्वय सीनियर पुरूष एथलेटिक्स प्रतियोगिता और ०८ से ११ अक्तूबर तक चित्रकूटधाम में सबजूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी के अवसर पर १२ से १५ अक्तूबर तक चित्रकूट में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन-ट्रायल सीनियन पुरुष एथलेटिक्स जिलास्तर पर ०१ अक्तूबर की अपरान्ह तीन बजे और मंडल स्तर पर तीन अक्तूबर को पूर्वान्ह ११ बजे मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में, जब जूनियर बालिका हैंडबाल जिलास्तर पर एक अक्तूबर को अपरान्ह ढाई बजे और मंडलस्तर पर दो अक्तूबर को पूर्वान्ह ११ बजे और सीनियर पुरुष हैंडबाल जिलास्तर पर एक अक्तूबर को अपरान्ह साढ़े तीन बजे और मंडलस्तर पर दो अक्तूबर को पूर्वान्ह दस बजे होगा। ट्रायल में भाग लेने वाले सबजूनियर हैण्डबाल बालिका खिलाड़ी की आयु ०१.०१.२०११ या उसके बाद की हो, वे पात्र होंगे। अत: ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी अपने आधार कार्ड, नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड, एड्रेस प्रूफ, पोसपोर्ट साइज फोटो के साथ उक्त आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर चयन/ट्रायल में भाग ले सकते है।